Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 31-05-2022 | अंक 241

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## निर्वतमान डीएस के सेवानिवृत होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही अनुमंडलीय अस्पताल के पूर्व डीएस डॉ शशि शेखर प्रसाद सिंहः मंगलवार को सेवानिवृत हो गए। उनके सेवानिवृति पर अस्पताल परिसर में अस्पताल कर्मियो व ग्रामीणों द्वारा विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी एवं संचालन डॉ सचिन कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में शामिल अनुमंडलीय अस्पताल के वर्तमान डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, अब्दुल मन्नान वारसी, सुरेंद्र रजक, बीपीएम नारायण राम, पंकज कुमार, डॉ अमन कुमार, डॉ एजाज, डॉ अनुभा, विनय सिन्हा, सोनी कुमार ने बारी बारी से सेवानिवृत डॉ शशि शेखर सिंह को माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं अस्पताल कर्मियो के द्वारा उन्हें ट्रॉली बैग एवं उपहार देकर सम्मानित किय। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा की हम दोनो एमजीएम क०लेज जमशेदपुर के छात्र रह चुके है। जब मेरा पोस्टिंग बरही हुआ तो इन्होने मुझे बहुत सहयोग किया और इनसे मुझे बहुत कुछ सीखने को भी मिला है। वहीं एचएमएस सदस्य अब्दुल मन्नान वारसी ने कहा की इन्होंने लगभग बरही में 30 वर्ष तक सेवा दिए है। इनके कार्यकाल में बरही अनुमंडलीय अस्पताल ने बेहतर किया है। वहीं अंत में डॉ शशि शेखर सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की मैने बिना लोभ लालच के बरही में 30 वर्षो तक सेवा दिया हूं। मैं सेवानिवृत होने के बाद भी बरहीवासियो को अपना सेवा प्रदान करता रहूंगा। मौके पर डॉ प्रकाश ज्ञानी, वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र रजक, डॉ सचिन कुमार, डॉअमन कुमार, डॉ एजाज, डॉ अर्जुन सोरेन, डॉ भेरो शंकर अग्रवाल, डॉ अनुभा कुमारी, डॉ वंदना कुमारी, अस्पताल कर्मी विनय सिन्हा, बिजेंद्र कुमार, सोनी रविदास, बीपीएम नारायण राम, पंकज कुमार, नर्स आशा कुमारी, सुनीता कुमारी, कुलदीप कुमार, सुनीता देवी, प्रीति देवी, लैब टेक्नीशियन अनिता कुमारी, इंदु सिन्हा, अर्चना कुमारी, कुमारी अमृता, रीना पांडेय, कादंबनी दुबे, विनोद यादव आदि मौजूद थे।

## ऑटो और ट्रक के बीच हुई जोरदार टक्कर में तीन घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही जवाहर घाट स्थित हुई ऑटो और ट्रक के जोरदार टक्कर में तीन व्यक्ति घायल हो गए। घायलों में खेमराज महतो उम्र 50 वर्ष पिता स्व नारो महतो सुरुजपुरा, ललिता देवी उम्र उम्र 60 वर्ष पति स्व तुलसी महतो, सुधीर कुमार महतो शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पदमा से कोड. रमा जाने के क्रम में जवाहर घाट के नजदीक ऑटो और ट्रक में टक्कर हो गई। सभी घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## सड़क पार करने के क्रम में बाइक ने मारी टक्कर घायल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही थाना अंतर्गत कोनरा पंचायत के शादी मोहल्ला निवासी मो शाकिब उम्र 12 वर्ष पिता मो नौशाद सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। जानकारी के अनुसार शाकिब बरही बाईपास में सड़क पार करने के दौरान तेज गति से आ रही बाइक ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे वह घायल हो गया। आनन फानन में उनके परिजनों ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज किया गया।

## जमीन विवाद में हुई मारपीट में महिला घायल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया निवासी मंजू देवी उम्र 42 वर्ष पति रा. जकुमार मोदी घरेलू विवाद में हुई मारपीट में घायल हो गई। तत्काल उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया । जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

APEM LIVE

## कोबरा बटालियन 203 के नाम पर कुछ होटल संचालकों को फ्रॉड कॉल के माध्यम से किया जा रहा है परेशान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कोबरा 203 मुख्यालय

इन दिनों कोबरा बटालियन 203 के नाम पर कुछ होटल संचालकों को परेशान करने का मामला आया है । होटल संचालकों को आए दिन किसी फेक नम्बर से क०ल के माध्यम से भोजन का अ०र्डर दिया जाता है। जिसके बाद होटल संचालक कोबरा के नाम पर ऑर्डर तैयार कर देते है और भोजन तैयार हो जाने के बाद जब वह क०ल लगाते है तो या तो मोबाइल बन्द बताता है या फिर अभद्र व्यवहार किया जाता है। पिछले कुछ दिनों पहले पटना रोड स्थित भवानी के होटल में ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया था। जिसके बाद एक बार फिर मंगलवार को न्यू श्याम होटल में किसी नए नम्बर से कॉल आने के बाद 20 व्यक्ति का भोजन बनाने का ऑर्डर दिया। ऑर्डर कम्प्लीट होने के बाद जब उसी नम्बर पर क०ल किया गया तब पेमेंट के लिए उन्होंने अपने नम्बर पर कुछ पैसा ट्रांसफर करने को कहा, तभी होटल संचालक को एहसास हुआ कि जरूर यह कोई फ्राड कॉल है। उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी कोबरा वाहिनी 203 के सबइंस्पेक्टर सह पीआरओ पंकज कुमार यादव को दी। सबइंस्पेक्टर पंकज कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए होटल संचालक को पैसा नही ट्रांसफर करने का आग्रह किया। साथ ही होटल संचालकों व लोगों से आग्रह किया कि कोबरा के नाम पर अगर कोई ठगी करना चाहता है या पैसा का डिमांड करता है तो इसकी जानकारी तत्काल उन्हें या बरही पुलिस को दें तांकि ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जा सके।


## बरही अनुमंडलीय अस्पताल में मनाया गया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही अनुमंडलीय असपताल में मंगलवार दोपहर 1 बजे विश्व तंबाकू निषेध दिवस डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के उपस्थिति में मनाया गया। वहीं उन्होंने विश्व तंबाकू निषेध दिवस के बारे में बताया की १ विश्व तंबाकू निषेध दिवस १ मनाने का मुख्य उद्देश्य तंबाकू के खतरों और स्वास्थ्य पर इसके नक. ारात्मक प्रभावों के प्रति लोगो में जागरूकता फैलाना है. यही नहीं, निकोटिन और तंबाकू व्यवसाय का पर्यावरण पर पड़ने वाले बुरे प्रभावों के प्रति कैंपेन चलाना और इससे होने वाली बीमारियों वा मौतों को भी कम करना है। वहीं कार्यक्रम के अंत में अनुमंडलीय अस्पताल के सभी कर्मियो को डीएस ने तंबाकू का सेवन न करने एवं परिजनों, मित्रो या परिचितों को भी तंबाकू उत्पादों का सेवन नही करने के लिए प्रेरित करने का शपथ दिलाया। मौके पर डीएस प्रकाश ज्ञानी, डॉ सचिन कुमार, लिपिक पंकज कुमार, बीपीएम नारायण राम, डॉ अमन कुमार, डॉ एजाज, विनय सिन्हा, बिनोद कुमार, महादेव कुमार, कुलदीप कुमार एवं दर्जनों अनुमंडलीय अस्पताल के कर्मी मौजूद थे।

## बीडीओ ने पीएम आवास योजनाओं का किया औचक निरीक्षण



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी सी आर इंदवार ने बेंदगी पंचायत में बन रहे पीएम आवास का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पहला किस्त देने के बाद भी आधा से ज्यादा आवास अधूरा पड़ा हुआ है। मौके पर पंद्रह दिनों के भीतर आवास के कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने भ्रमण के दौरान देखा की ज्ञानी महतो का घर पहले से ही पक्का का मकान होने के बाद भी उसे पीएम आवास आवंटित किया गया। जिसे बीडीओ ने रि. कवरी करने का आदेश दिया है। साथ ही उन्होंने प्रखंड के सभी ग्रामीणों से अपील किया की आवास के नाम पर किसी भी व्यक्ति को एक रुपया न दे। अगर आवास से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी लेनी हो तो आप मेरे कार्यालय में आकर मुझसे जानकारी प्राप्त कर सकते है। पंचायत भ्रमण के दौरान कमलेश कुमार भारती भी मौजूद थे।

## दो बाइक के आपस में हुई भिड़ंत में एक घायल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर पंचायत के कुंडवा निवासी परमेश्वर यादव उम्र 40 वर्ष पिता स्व सुकर यादव सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति बाइक में सवार होकर अपना निजी काम से बरही जा रहे थे। इसी क्रम में बरही थाना के नजदीक दो बाइक आपस में टकरा गई। जिसने वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आस पास के लोगो ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दिया गया।




## कान्हाचट्टी में वोटरों ने पुराने मुखियाओ को नकारा

### सभी पंचायतों में नए मुखियाओं को मिला ताज

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**









कान्हाचट्टी :– त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे और चौथे चरण का परिणाम मंगलवार को सुबह से ही काउंटिंग चलता रहा।तीसरे चरण में कान्हाचट्टी प्रखंड के सभी 10 पंचायतों में चुनाव संपन्न हुआ था। जिसमें जिला परिषद से बिरजू तिवारी सभी निकटतम प्रतिद्वंद्वियों को शिकस्त देते हुए जहां जीत दर्ज की वही सभी 10 पंचायतों में से 9 पंचायतों में पुराने मुखिया ओं को कान्हाचट्टी प्रखंड की जनता ने नकार दिया। इस बार पंचायत चुनाव में युवाओं की बोलबाला जम कर रही। कन्हाचट्टी प्रखंड के हृदय पंचायत माने जाने वाले राजपुर पंचायत से विकास कुमार उर्फ छोटू सिंह,कोल्हैया पंचायत से बबलू भुइयाँ की पत्नी सोनिया देवी,तुलबुल पंचायत से टुनटुन भुइयाँ की पत्नी मालती देवी, मदगड़ा पंचायत से रंजन साहू की पत्नी चारु पंचायत से रवीना देवी बकचंबा पंचायत से बद्री दांगी की पत्नी ने जीत दर्ज की। यह लोग मुखिया के निकटतम प्रतिद्वंदी को हराया। वही समाचार लिखे जाने तक जमी पंचायत के काउंटिंग चल ही रहा है विकास कुमार उर्फ छोटू सिंह ने बताया कि राजपुर पंचायत की जनता युवा पीढ़ी को सर जी दी और मुझे पंचायत के नेतृत्व करने का भार सौंपा मैं पंचायत वासियों को हृदय से आभार व्यक्त करता हूं वही चारु पंचायत से राजेंद्र राम ने कहा कि मैं तीसरी बार इस पंचायत का प्रतिनिधित्व करने का मुझे पंचायत वासियों ने मौका दिया है विकास को मैं चारों पंचायत के धरातल पर उतार लूंगा इधर नए मुखिया को मुख्य बनने पर संबंधित पंचायत के पंचायत वासियों ने बधाई दी है इन मुखिया को बधाई देने वालों की ता ता लगी है।




## बाइक के असंतुलित होने से गिरी महिला, गंभीर रूप से हुई घायल, किया गया रेफ़र

### सड़क पर चंदा करते हुए  लोगों में बाइक को रोका, असन्तुलित होकर गिरी मिहला हुई बुरी तरह घायल

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अर्ली**



गावां,गिरीडीह :– गावां थाना क्षेत्र के सेरुआ पंचयात में मंगलवार को असंतुलित हो जाने से एक महिला बाइक से गिर गयी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जाता है कि वह महिला बाइक पर सवार होकर अपने घर लोकाय तीसरी से सेरुआ अपने किसी रिश्तेदार के घर आ रही थी तभी सेरुआ मोड के पास सड़क पर चंदा करते हुए कुछ  लोगों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो वह असन्तुलित होकर गिर गयी। घायल महिला का नाम फुलवा देवी उम्र 50 वर्ष पति नारायण दास बताई जा रही है। आनन फानन में 108 की मदद से घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां लाया गया जहाँ डॉ काज़िम खां ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए उसे सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया।

## बड़ा बाजार यूथ विंग के प्रयास से 11 वर्षीय थैलेसीमिया बच्चे को कराई गई रक्त उपलब्ध

### रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष सह छठ पूजा समिति के सचिव ने किया रक्तदान

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**रीतेश खण्डेलवाल**



हजारीबाग बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा पिछले तीन महीने से लगातार जरूरतमंदों को रक्त उपल. ब्ध कराई जा रही है। उसी क्रम मे मंगलवार को हजारीबाग विष्णुगढ़ निवासी बुद्धि लाल महतो के सुपुत्र बी.पी पटेल 11 वर्षीय जो थैलेसीमिया से पीड़ित है। शेख भिखारी मेडिकल क०लेज अस्पताल में इलाजरत के दौरान चिकि. कत्सकों के द्वारा संबंधित रक्त उपलब्ध करने को लेकर परिजनों को सूचना दी गई। जिसके बाद परि. जनों ने आनन–फानन में ब्लड बैंक पहुंच कर सं. बंधित रक्त उपलब्ध न होने पर उनके चेहरे पर मासूमियत छा गई जिसके बाद कुछ लोगों ने उनसे बड़ा बाजार यूथ विंग के पदाधिकारियों से संपर्क करने की सलाह दी। जिसके बाद परिजनों ने तुरंत बड़ा बाजार यूथ विंग के उपाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल से संपर्क किया। जिसके बाद यूथ विंग के पदाधिकारियों ने रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष सह छठ पूजा समिति के सचिव बड़ा बाजार ग्वालटोली निवासी सुधीर कुमार यादव उर्फ पिंकू यादव से रक्तदान करने का आग्रह किया। जिसके बाद पिंकू यादव ने आनन–फानन में अस्पताल पहुंचकर 11 वर्षीय थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चे की जान बचाई।

मौके पर पदाधिकारियों ने कहा कि बड़ा बाजार यूथ विंग पिछले 3 माह से लगातार जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध करा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष शहर छठ पूजा समिति के सचिव पिंकू यादव ने रक्तदान कर मानवता का कार्य किया है। बड़ा बाजार यूथ विंग आपके जज्बे को सलाम करता है।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे और चौथे चरण में हुए मतदान की मतगणना आज से

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह ज़िला में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव2022 के लिए हुए तृतीय और चतुर्थ चरण में हुए मतदान की मतगणना आज से शुरू हो गई। मतगणना के लिए गिरिडीह जिला प्रशासन ने तीन केन्द्र बनाए हैं धनवार प्रखंड की मतगणना कृषि उत्पादन बाजार समिती बिशुनपुर पचम्बा गिरिडीह में, बगोदर, बिरनी और सरिया प्रखंड की मतगणना के लिए उच्च विद्यालय बगोदर और डुमरी प्रखंड के लिए इंटर क०लेज डुमरी को बनाया गया है मतगणना को लेकर सभी में मतगणना केन्द्रों में समर्थकों की भीड़ उमड़ती रही ।मतगणना के तीसरे और चौथे चरण का पहला दिन मतगणना को लेकर अपने अपने पंचायत के समर्थक दिन भर जीत का इंतजार करते दिखे । जिला प्रशासन ने मतगणना शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से कराने को लेकर चाक चौबंद व्यवस्था कर रखी है।। मीडिया कोषांग के अनुसार जिले के धनवार प्रखंड के गरजा शरण पंचायत से मुखिया अजमेरी खातुन ,बलहारा पंचायत से मुखिया भुनेश्वर प्रसाद वर्मा , उतरीं डोरण्डा पंचायत से पंचायत समिति सदस्य दिलीप कुमार यादव, मुखिया सोनी देवी, सिरसाय पंचायत से पंचायत समिति सदस्य सचिदानंद राय ,पंचायत से मुखिया को विजय घोषित किए गए। अब तक प्राप्त परिणाम के अनुसार अधिकतर पंचायतों का कमान मतदाताओं ने महिला प्रत्याशी को सौंपा है।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## राशनकार्डधारियो को राशन उठाव के लिए छः बार लगाना पड रहा है,अंगूठा परेशानी व घंटो लग रहे है समय


**अपेम लाइव : प्रतापपुर कुमार चंदन**



राज्य सरकार व केन्द्र सरकार के द्वारा जारी किये गये नियम के अनुसार अब विभिन्न तरह के कार्डधारियो व कार्ड के लाभुको को पीडीएस दूक. ानो में घंटो समय बिताते हुये राशन का उठाव करना मंहगा पड रहा है।पीडीएस दूकान के लक्षमी स्वंय सहायता समूह रामपुर की द्रोपदी देवी के पीडीएस दूकान मे मंगलवार को कार्डधारियो की काफी भीड देखी गई। तथा विभिन्न गांवो से आये कार्डधारियों गणेशी भारती, शांति देवी, टिंकु भारती, सबिता देवी, सुगिया देवी, सरिता देवी, बरती देवी, नेपाली भारती समीनम आलम, मुनी देवी, मालती देवी, गौरी देवी सहित कई कार्डधारियो व लाभुको ने बताया कि ई- पास मशीन पर ,छः बार अंगूठा लगाना पड रहा है,जिससे कई घंटे तक इंतजार करना पड रहा है।आगे बताया कि हमलोग सुबह छ रू बजे पीडीएस दूकान पर आये हुये थे,पांच से छ रू घंटे समय व्यतित होने के बाबजूद भी राशन नही मिल पाया है।समय देर होने पर कई बार घर लौटना पडा।आगे बताया कि हमलोग रोज कमाने खाने व मजदूर,दिहारी मज. दूरी करते हैं ,इतना समय पीडीएस दूकान मे समय लगेगा तो हम सब को मजदूरी का काम छूट जा रहा है।इस संबंध मे पीडीएस दूकान के प्रोप्राईटर द्रोपदी देवी पुत्र मिथन कुमार पांडेय ने बताया कि सरकार के नियमानुसार अंगूठे लगाने का नया नियम आया है,दिये गये निर्देश पर काम करना पर रहा है जिससे काफी समय व्यतित हो रहा है।मै बिना खाये पिये व घर का काम किये कार्डधारियो के बीच राशन वितरण करने का काम कर रहा हुं।सरकार का जैसा आदेश आता है उसका पालन पीडीएस दूकान को करना पडता है।

## टाटा द्वारा फ्री रिचार्ज देने की वायरल हो रही लिंक,लोग परेशान

**अपेम लाइव :गिरीडीह प्रमोद कुमार गुप्ता**




गिरीडीह :- टाटा आईपिएल में गुजरात की जीत की खुशी में टाटा सभी भारतीयों को 599 में 3 महीने का रिचार्ज फ्री में देने का झांसा देकर ठगी कर रहा है।भोले भाले कस्टमर 3 माह की फ्री रिचार्ज करने के लिए जैसे ही ब्लू लाइन के टच करते है।उसके बाद दूसरा पेज खुलता है फिर मोबाइल नंबर डालने को का निर्देश मिलता है नाम,पता ,आधार नंबर धीरे-धीरे सारी जानकारी प्राप्त करने के बाद कुछ दिन के बाद पैसे अकाउंट से कट जाता है।और यह बहुत तेजी से फैल रहा है।हाल ही में टाटा आईपीएल के फाइनल मैच में गुजरात टाइटंस की जीत हुई थी।कुछ असामा. जिक तत्वों ने मैसेज के साथ एक लिंक वायरल किया है।वही साइबर क्राइम पुलिस ने लोगो को आगाह किया है कि ऐसे लिंक पर कोई भरोसा न करे।

## 445 वोट से जीते कपिलो मुखिया मुकेश यादव

### जीत के घोषणा होते ही बजने लगे सुन चम्पा सुन तारा कोई जीत कोई हारा

**अपेम लाइवः बिरनी सब्बा अहमद**



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हुआ समाप्त बता दें कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव चार चरणों में शांतिपूर्वक से संपन्न हुआ जिसमें मंगलवार से चुनाव की मतगणना शुरू हो गई है जिसमें गिरिडीह जिले के 3 प्रखंडों में मतगणना सेंटर बनाया गया है वहीं समिति बाजार पचंबा, बगोदर और डुमरी में मतगणना केन्द्र बनाया गया है। जिसमें मंगलवार को बगोदर में मतगणना शुरू होते ही प्रत्याशियों का हुजूम लग गया। वही बिरनी प्रखंड अंतर्गत आने वाले कैपलों पंचायत के मुखिया मुकेश यादव ने 445 वोट लाकर विजय हुए वही अपने ही पंचायत में विजय जुलूस निकाल।

## सिदकी गांव के युवक को घर मे घूसकर अज्ञात ने किया मारपीट,घायल

**अपेम लाइव : प्रतापपुर कुमार चंदन**



प्रतापपुर थाना क्षेत्र के सिदकी गांव में पांच से छरू अज्ञात लोगो ने एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया।मामला सोमवार देर रात्रि को बताया जाता है।घायल युवक सिदकी गांव निवासी अर्जुन प्रजापति का 25 वर्षीय पुत्र मंदीप कुमार बताया जाता है ।मंगलवार सुबह घायल युवक को प्रतापपुर स्वास्थय केन्द्र मे ईलाज किया गया।घटना के संबंध में घायल युवक ने बताया कि सोमवार संध्या मेरे गाय के बच्चे बछडा को एक बालू लद्दे ट्रेक्टर ने धक्का मार दिया।मैने सिदकी चढाई पर दौडकर ट्रेक्टर पर चढ कर ट्रेक्टर की चाभी ले लिया था।फिर ट्रेक्टर ठीक से चलाने को कहकर चाभी दे दिया।कुछ देर बाद पांच छ : लोग मेरे घर पर आकर मारपीट करने लगे।मंगलवार को प्रतापपुर थाने मे प्राथमिकी दर्ज को लेकर आवेदन दिया हुं।

## प्रशिक्षण के दौरान सहिया दीदी ने प्रोत्साहन राशि को लेकर जमकर किया विरोध

**अपेम लाइव : गांवा मोजाहिद अली**



गावां प्रखंड के सभी पंचायतों की सहिया दीदी ने विभिन्न मांगों को लेकर गावां अस्पताल के मीटिंग हाल में मंगलवार को प्रोट. साहन राशि को लेकर जमकर हल्ला बोली। वही मौके पर उपिस्थत सभी सहिया बारी बारी से बताया कि जून 2021 से जुलाई 2022 तक का प्रोत्साहन राशि, करीब 1 वर्ष से मानदेय बकाया है। कोविड के दौरान किया हुवा कार्य का राशि एक हजार रुपया प्रोत्साहन राशि देने की बात कही गई थी जो अब तक नहीं मिला है। 2021 में की गई ट्रेनिंग का बकाया राशि, मच्छ. रदानी, बंध्याकरण , जच्चा बच्चा रक्षा कार्ड ,लाभार्थी का बकाया राशि जैसे किये गए कई कार्य का राशि बकाया है जिससे हम सभी सहिया दीदी के घर की आर्थिक स्तिथि खराब हो गयी है। बताया कि संबंधित पदाधिकारी को कई बार आवेदन देकर जल्द भुगतान करने की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कोई भुकतान नही हुआ। कहा कि यदि उचित समय पर हम सभी दीदियों को बकाया राशि नही मिला तो सभी सहिया दीदी उग्र आंदोलन करने के लिए मज़बूर होना पड़ेगा। मौके पर चिकित्सा प्रभारी चंद्र मोहन प्रसाद, बी पी एम प्रमोद बर्णवाल, बी टी टी राजदा खातून आदि दर्जनों सहिया दीदी मौजूद थे।

## गावां में कुत्ते का आतंक जारी, बच्चे को काटकर किया जखमी

**अपेम लाइव : गांवा मोजाहिद अली**




गावां प्रखंड के लगभग सभी पंचायतों में इन दिनों कुत्ते का आतंक जारी है। हर सप्ताह प्रखंड के किसी न किसी क्षेत्र में कुत्ते के द्वारा ग्रामीणों को जख्मी कर दिया जाता है। मंगलवार को गांवा पंचायत में कुत्ते ने एक बच्चे को काट कर जख्मी कर दिया है। घायल में गांवा थानांतर्गत गांवा निवासी मो शाहीद के 15 वर्षीय पुत्र मो सूफियान है। आनन - फानन में उक्त घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां ले जाया गया जहां डॉ चंद्रमोहन कुमार के द्वारा एंटी रेबीज इंजेक्शन लगा कर एवं प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया।

